भारत सरकार

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

(खेल विभाग)

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 2877**

उत्तर देने की तारीख 5 दिसम्बर, 2019

14 अग्रहायण, 1941 (शक)

## खेलो इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाएं

**2877. श्री प्रदान बरुवाः**

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान 'खेलो इंडिया' कार्यक्रम के अंतर्गत असम में स्वीकृत और मंजूर परियोजनाओं का जिले-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) असम में इस कार्यक्रम के तहत नामांकित युवाओं की संख्या कितनी है;

(ग) असम के जिला लखीमपुर में तथा खेलो इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत बिहपुरिया स्टेडियम कॉम्प्लेक्स के निर्माण की वर्तमान स्थिति क्या है; और

(घ) असम के डिब्रूगढ़ जिले में मोरन में खोवांग एचएस स्कूल में खेलो इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत बहुद्देश्यीय स्पोर्ट्स हॉल के निर्माण की वर्तमान स्थिति क्या है?

**उत्तर**

**युवा कार्यक्रम और खेल राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**

**(श्री किरेन रीजीजू)**

(क) और (ग): खेल राज्य का विषय होने के कारण खेलों के संवर्धन और खेलों में प्रतिभागिता का मुख्य उत्तरदायित्व संबंधित राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्र सरकार का है। केंद्रीय सरकार राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र के प्रयासों की पूर्ति करती है । खेलो इंडिया स्कीम के अंतर्गत विगत 3 वर्षों और चालू वर्ष के दौरान असम राज्य के लिए संस्वीकृत अवसंरचना परियोजनाओं की सूचना अनुबंध। में दी गई है।

(ख) खेलो इंडिया स्कीम के घटक "प्रतिभा खोज और विकास" के अंतर्गत, युवा खिलाड़ियों की प्रतिभा का पता लगाया जाता है और उन्हें प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है । वर्तमान में, इस घटक के अंतर्गत असम राज्य में 40 खिलाड़ी (20 पुरुष और 20 महिलाएं) प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं ।

(घ) खेलो इंडिया स्कीम के अंतर्गत मोरन, जिला डिब्रूगढ़, असम के खोवांग एच.एस. स्कूल में बहुउद्देशीय खेल हाल के निर्माण की परियोजना को वित्तीय सहायता के लिए व्यवहार्य नहीं पाया गया। असम में मौजूदा खेल अवसंरचना सुविधाओं के तहत बड़ी संख्या में खिलाड़ियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जा सकता है ।

**खेलो इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाएं के संबंध में श्री प्रदान बरुवा, माननीय संसद सदस्य, लोक सभा द्‌वारा दिनांक 05.12.2019 के लिए पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2877 के भाग (क) और (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध**

**अनुबंध-I**

**खेलो इंडिया स्कीम के अंतर्गत विगत 3 वर्षों और चालू वर्ष के दौरान असम में संस्वीकृत परियोजनाओं का जिला-वार ब्यौरा**

**(करोड़ रुपए)**

| क्र. सं . | वर्ष | परियोजना का नाम | जिला | संस्वीकृति की तारीख | संस्वीकृत धनराशि | जारी की गई धनराशि | स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2017 -18 | साई एसएजी केंद्र, कोकराझार में सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक बिछाना । | कोकराझार | 24.05.2017 | 7.00 | 5.32 | 80 प्रतिशत कार्य पूरा किया गया |
| 2. | 2017 -18 | मौलाना मो. तैयबुल्लाह हॉकी स्टेडियम,बेतापारा, गुवाहाटी में सिंथेटिक हॉकी फील्ड बिछाने सहित नवीकरण/ उन्नयन । | कामरूप मेट्रोपॉलिटन | 29.06.2017 | 4.50 | 4.50 | परियोजना पूरी की गई |
| 3. | 2017 -18 | साई एसएजी केंद्र, तिनसुकिया में सब बेस, ड्रेनेज और चेन लिंक के निर्माण सहित सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक बिछाना। | तिनसुकिया | 29.09.2017 | 7.00 | 7.00 | 50 प्रतिशत कार्य पूरा किया गया |
| 4. | 2017 -18 | साई एसएजी केंद्र, कोकराझार में सिंथेटिक हॉकी टर्फ बिछाना। | कोकराझार | 21.12.2017 | 5.50 | 5.50 | 80 प्रतिशत कार्य पूरा किया गया |
| 5. | 2019 -20 | बिहपुरिया स्टेडियम परिसर, लखीमपुर के लिए अवसंरचना सुविधाओं का विकास (जैसे कम लागत वाली दर्शक दीर्घा, लड़कों और लड़कियों के लिए चेंज रूम, विद्‌युतीकरण और पानी की आपूर्ति तथा नेचुरल ग्लास फुटबॉल खेल का मैदान और भूमि की सतह को उठाना) | लखीमपुर | 25.07.2019 | 3.00 | 1.50 | कोई प्रगति नही हुई |

****